राज.संवाद / सी / 24 / 1210

स्थापना वर्ष- 1997

कार्यालय प्राचार्य, स्व.श्री भीखाभाई भील राजकीय महाविद्यालय, सागवाड़ा

Email : govtcollegesagwara@yahoo.in, ssbbgcsagwara@gmail.com.

दिनांक : 24/06/2024

क्रमांक : रामसा/विद्या संबल/2024/428

विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ 1 (2) विद्या संबल / आकाशि/गे. फै. / दिशा निर्देश / 21-00638 / पार्ट-1 दिनांक 21.06.2024) एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 6 (2) वित्त / साविलेनि / 2021 दिनांक 30.03.2021 एवं 07.08.2023 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्ययन सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 'विद्या सम्बल योजना' के अन्तर्गत राजसेस अधीन निम्नलिखित राजकीय महाविद्यालयों (विषयों) में अध्यापन कार्य हेतु गेस्ट फैकल्टी को आमंत्रित किया जाता है। इस संबंध में केवल कालांश के आधार पर निम्न विषयों में अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी (पूर्णतया अस्थायी) के रूप में वित्त विभाग के परिपत्र के बिन्दु संख्या 4 (क) में वर्णित स्तर से बिन्दु संख्या 5 में वर्णित 800/- प्रति कालांश मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन आवेदन दिनांक 02.07.2024 अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन व्यक्तिशः या डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है । इस हेतु वर्तमान में प्रभावी महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी इच्छुक निजी अभ्यर्थी, जिनकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष हैं, वे ही आवेदन के पात्र हैं। यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थायी तथा अधिकतम 24 सप्ताह या 28.02.2025 जो भी पहले हो (सत्र प्रणाली), सेमेस्टर परीक्षा प्रारम्भ होने या पाठ्यक्रम पूर्ण होने तक (सेमेस्टर प्रणाली) के लिए है। अभ्यर्थी द्वारा न्यायिक या प्रशासनिक स्तर पर कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा। नियमित नियुक्ति / स्थानान्तरण / कार्यव्यवस्थार्थ शिक्षक लगने पर यह व्यवस्था स्वतः समाप्त मानी जावेगी। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर की वेबसाइट (आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तें, दिशा निर्देश, शपथ पत्र आदि) को देखें। यह विज्ञप्ति राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा (ग्रुप- 3) विभाग एवं आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के नवीनतम आदेशों के अधीन रहेगी ।

क्र.सं.	महाविद्यालय का नाम	संकाय	विषय का नाम (राजसेस)	रिक्त पदों की संख्या
1	राजकीय महाविद्यालय सागवाड़ा	विज्ञान (स्नातक)	प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र	प्रत्येक विषय में 01 पद
		वाणिज्य (स्नातक)	A.B.S.T., E.A.F.M., Bussiness Administration	प्रत्येक विषय में 01 पद
		हिन्दी (स्नातकोत्तर)	हिन्दी	01 पद
2	राजकीय कन्या महाविद्यालय गलियाकोट (राजसेस)	कला (स्नातक)	अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, इतिहास, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, चित्रकला तथा भूगोल	प्रत्येक विषय में 01 पद
3	राजकीय महाविद्यालय चिखली (राजसेस)	कला (स्नातक)	अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृत तथा भूगोल	प्रत्येक विषय में 01 पद
4	राजकीय महाविद्यालय साबला (राजसेस)	कला (स्नातक)	अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, भूगोल तथा राजनीति विज्ञान	प्रत्येक विषय में 01 पद

प्राचार्य/नोडल प्राचार्य

स्व.श्री भीखाभाई भील राजकीय महाविद्यालय सागवाड़ा